लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *78

07 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा को वित्तीय सहायता

***78. श्री बसंत कुमार पंडा:**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत नौ वर्षों के दौरान सरकार द्वारा कालाहांडी और नुआपड़ा जिलों सहित ओडिशा राज्य को प्रदान की गई किसी वित्तीय सहायता का योजना-वार/परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत नौ वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त जिलों सहित ओडिशा में लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत नौ वर्षों के दौरान ओडिशा में और विशेषकर उक्त जिलों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों का योजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार के पास कोई परियोजनाएं लंबित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"ओडिशा को वित्तीय सहायता" के संबंध में श्री बसंत कुमार पंडा द्वारा दिनांक 07.02.2024 को पूछे जाने वाले लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *78 के उत्तर का विवरण।

(क): सरकार ओडिशा सहित देश भर में वस्त्र क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रहीं है। निधि का आवंटन योजना-वार किया जाता है, राज्य-वार और जिला-वार नहीं किया जाता है। पिछले 9 वर्षों के दौरान अखिल भारतीय आधार पर प्रमुख योजनाओं में व्यय का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग): सरकार ओडिशा राज्य सहित अखिल भारतीय आधार पर बुनकरों/कारीगरों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, व्यापक हस्तशिल्प विकास योजना, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना जैसी विभिन्न पहलों/योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। पिछले 9 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान ओडिशा में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के तहत हथकरघा क्षेत्र के अंतर्गत 3,11,482 बुनकरों और हस्तशिल्प क्षेत्र में 26,642 कारीगरों को लाभान्वित किया गया है।

(घ): सरकार के पास ओडिशा राज्य से वर्तमान में कोई भी परियोजना/प्रस्ताव लंबित नहीं है।

अनुबंध

पिछले 9 वर्षों के दौरान प्रमुख वस्त्र क्षेत्र योजनाओं के तहत व्यय का विवरण

(करोड़ रुपए में)

योजना/परियोजना/कार्यक्रम का नाम	वर्ष 2015-16 से 2023-2024 तक विभिन्न योजनाओं पर किया गया कुल व्यय
हथकरघा क्षेत्र	3,903.04
हस्तशिल्प क्षेत्र	2,171.17
ऊन क्षेत्र	130.42
रेशम क्षेत्र	5,975.48
विद्युतकरघा क्षेत्र	573.89
पटसन क्षेत्र	870.2
एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडीएस)	201.63
एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी)	317.93
वस्त्र क्लस्टर विकास	84.72
मानव संसाधन विकास (समर्थ)	838.97
राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम)	156.47
प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजनाएँ (टीयूएफएस)	9,106.11
पूर्वोत्तर वस्त्र प्रोत्साहन योजना	1,038.18
कुल योग	**25,368.21**

*****